# नामांतरण सीमांकन मामलों में न हो देरी

## राजस्व प्रकरणों का समयावधि में हो निराकरण- कलेक्टर

रायसेन, 09 जून. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा राजस्व प्रकरणों, सीएम हेल्पलाईन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, फसल गिरदावरी, फार्मर रजिस्ट्री कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई. उन्होंने आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा करते हुए निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि गौहरगंज विकासखण्ड में नामांतरण प्रकरणों के निराकरण में बेहतर काम हो रहा है, अभी तक 68 प्रतिशत प्रकरण निराकरण हो गए हैं. गैरतगंज, बेगमगंज तथा रायसेन अनुभाग में नामांतरण



प्रकरणों के निराकरण की गति बेहद धीमी है. एसडीएम नियमित मॉनीटरिंग कर निराकरण में तेजी लाएं. बैठक में कलेक्टर ने तहसीलवार फसल गिरदावरी कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि बाड़ी और बरेली में लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है, शेष कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराएं. रायसेन और गैरतगंज अनुभाग में गिरदावरी का कार्य 20 प्रतिशत से भी कम होने पर नाराजगी व्यक्त कर एसडीएम तथा तहसीलदारों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए. उन्होंने सुल्तानपुर, सिलवानी, उदयपुरा, देवरी, बेगमगंज, गैरतगंज तथा रायसेन तहसील क्षेत्र में गिरदावरी कार्य प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए.

इसी प्रकार ई-विकास टोकन प्रणाली की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कृषि और राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों का पंजीयन कराएं, जिससे कि खाद वितरण में परेशानी ना हो. साथ ही उन्होंने सभी एसडीएम को अपने-अपने अनुभाग में खाद के वर्तमान स्टॉक, खाद की मांग तथा उपलब्धता आदि का परीक्षण करने निर्देश दिए.

> कलेक्टर विश्वकर्मा ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों से गत जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की कार्यवाही की भी जानकारी लेते हुए प्रतिवेदन जिला कार्यालय भेजने हेतु निर्देशित कया। इसी प्रकार लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लंबित 56 आवेदनों को भी अंतिम समयावधि के पहले ही निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में लंबित संबल योजना के आवेदनों, श्रमयोगी मानधन योजना में श्रमिकों का पंजीयन, निकायों की सीएम हेल्पलाईन निराकरण तथा पीएम आवास योजना के तहत सत्यापन कार्य की मॉनीटरिंग के भी निर्देश दिए।

# स्थानीय निकायों की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा

**रायसेन.** मतदान सबसे पवित्र अधिकार है, उससे कोई भी पात्र मतदाता वंचित नहीं रहे. साथ ही कोई भी अपात्र मतदाता मतदान के अधिकार का उपयोग नहीं कर सके. राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने यह निर्देश नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान दिये. समीक्षा राज्य निर्वाचन आयोग में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गयी। कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित वीसी कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार विश्वकर्मा, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे. श्री श्रीवास्तव ने कहा कि नाम जोड़ने और हटाने का कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा करें.

# प्रचार की कमी से फीका पड़ा रोजगार मेला

▸ रोजगार मेले में खाली रहीं सैकड़ों कुर्सियां

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 09 जून. सलामतपुर में आयोजित जिला स्तरीय 'युवा संगम' रोजगार मेले की तस्वीरें प्रशासनिक दावों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर साफ दिखाती नजर आई.**

बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में जहां सैकड़ों युवाओं की मौजूदगी की उम्मीद की जा रही थी, वहीं वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत रही. शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित मेले के लिए टेंट, मंच और बैठने की व्यापक व्यवस्था की गई थी. लेकिन सुबह से दोपहर तक



अधिकांश कुर्सियां खाली रहीं. आयोजन स्थल पर गिने-चुने युवा ही दिखाई दिए, जबकि बड़ी संख्या में कर्मचारी और व्यवस्थापक मौजूद थे. रोजगार मेले में 7 प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए पहुंचे थे. कंपनियां युवाओं के साक्षात्कार लेकर नियुक्तियां देने की तैयारी के साथ आई थीं, लेकिन पूरे दिन में केवल 40 युवाओं का ही पंजीयन हो सका.

> जिला रोजगार अधिकारी एबी खान ने युवाओं की कम उपस्थिति के पीछे भीषण गर्मी को कारण बताया. हालांकि स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि प्रचार-प्रसार प्रभावी होता तो रोजगार की तलाश में युवा गर्मी की परवाह किए बिना मेले में पहुंचते. रोजगार मेले की फीकी तस्वीर ने प्रशासनिक तैयारियों और सूचना तंत्र की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं. अब जरूरत इस बात की है कि भविष्य में ऐसे आयोजनों का व्यापक प्रचार किया जाए ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसरों का लाभ मिल सके.

# शोर के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

▸ प्रेशर हॉर्न ने बढ़ाई ग्रामीणों की परेशानी

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 09 जून. सलामतपुर से होकर गुजरने वाले स्टेट हाईवे-18 पर बढ़ता ध्वनि प्रदूषण स्थानीय निवासियों के लिए गंभीर समस्या बनता जा रहा है। इस मार्ग से प्रतिदिन करीब 10 हजार छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं. इनमें ट्रक, डंपर, बस और टैंकर जैसे भारी वाहनों की संख्या अधिक है.**

कई वाहनों में प्रतिबंधित प्रेशर हॉर्न लगे होने के कारण पूरे क्षेत्र में लगातार तेज आवाज गूंजती रहती




है. रात के समय स्थिति और भी गंभीर हो जाती है. अचानक बजने वाले प्रेशर हॉर्न से लोगों की नींद टूट जाती है और छोटे बच्चे तथा बुजुर्ग घबरा जाते हैं. कई परिवारों का कहना है कि लगातार शोर के कारण मानसिक तनाव, चिड़चिड़ापन और थकान जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं. विशेषज्ञों के अनुसार लंबे समय तक अत्यधिक ध्वनि के संपर्क में रहने से सुनने की क्षमता पर भी असर पड़ सकता है. ग्रामीणों का यह भी कहना है कि तेज हॉर्न सड़क सुरक्षा के लिए भी खतरा हैं. अचानक बजने वाले प्रेशर हॉर्न से दोपहिया वाहन चालक असंतुलित हो सकते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है.

# पुलिस ने पांच घंटे में ढूंढा लापता मासूम

**बेगमगंज, 10 जून. सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम देवलापुर में अपने मामा के घर आया एक तीन वर्षीय मासूम अचानक लापता हो गया. घटना से परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया.**

सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए व्यापक सर्चिंग अभियान चलाया और महज पांच घंटे के भीतर मासूम को सकुशल बरामद कर लिया.

सुल्तानगंज थाना प्रभारी श्यामराज सिंह ने बताया कि ग्राम देवलापुर निवासी जयकुमार सिंह राजपूत की बहन अपने बच्चों के साथ मायके आई हुई थी. सोमवार शाम उनका तीन वर्षीय पुत्र



अभिराज राजपूत, निवासी मरखंडी, घर के सामने खेलते-खेलते अचानक गायब हो गया. परिजनों ने पहले अपने स्तर पर ग्रामीणों की मदद से करीब एक घंटे तक बच्चे की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी. थाना प्रभारी श्यामराज सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से सघन खोजबीन शुरू की. पुलिस और ग्रामीणों की टीम ने आसपास के खेतों, जंगलों और नहर किनारे क्षेत्रों में तलाश अभियान चलाया. पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चा गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर उमरहारी बांध के पास नहर किनारे जंगल में सुरक्षित अवस्था में पैदल चलता हुआ मिला. बच्चे के सकुशल मिलने की खबर मिलते ही परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस का आभार जताया. पुलिस ने बच्चे को सुरक्षित उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया.

# शिल्पकार समाज ने एकता का दिया संदेश



**बेगमगंज, 10 जून. सुल्तानगंज रोड स्थित प्याज हाउस में रविवार को शिल्पकार सिलावट समाज सेवा एवं जनकल्याण समिति की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया.**

शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा के पूजन-अर्चन एवं जयघोष के साथ हुआ. बैठक में हाल ही में आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन की सफलता पर चर्चा की गई. सम्मेलन को सफल बनाने में योगदान देने वाले पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया. इस दौरान परिचय सम्मेलन का आय-व्यय विवरण भी समाजजनों के समक्ष प्रस्तुत किया गया.

# बलात्कार-छेड़छाड़ और बेरोजगारी में प्रदेश नंबर वन

## 3 हजार का लालच देकर 5 हजार का बिजली बिल थमा रहे : रीना बौरासी

**रायसेन, 09 जून.महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी मंगलवार को रायसेन पहुंचीं। उन्होंने सांची रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित महिला कांग्रेस की बैठक में भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से कहा कि लाड़ली बहना योजना के नाम पर महिलाओं को भ्रमित किया गया है।**

बोरासी ने कहा, '3000 रुपए का लालच देकर भाजपा सरकार से वोट लिए गए, लेकिन अब लोगों के घरों में 5000 रुपए के बिजली बिल पहुंच रहे हैं। महंगाई



लगातार बढ़ रही है और इसका सबसे ज्यादा असर महिलाओं पर पड़ रहा है।' बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश बलात्कार, महिला अत्याचार और बेरोजगारी के मामलों में देश में अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है और महिलाएं सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। उन्होंने कहा कि 4 साल की बच्ची से लेकर 70 साल की वृद्ध महिला तक सुरक्षित नहीं है। सभा के दौरान जब उन्होंने प्रदेश में तानाशाही जैसी स्थिति होने की बात कही तो सामने बैठी एक महिला ने कहा, 'बीजेपी के राज में।' इस पर बोरासी ने कहा कि अब जनता को बदलाव के लिए तैयार होना चाहिए और महिलाओं को अपने घरों तथा क्षेत्रों में जाकर सरकार की नीतियों की वास्तविकता बतानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हाल ही में एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं, जिसका सीधा असर आम परिवारों के बजट पर पड़ेगा। पत्रकारों से चर्चा करते हुए रीना बोरासी ने सिलवानी स्थित सर्वोदय वेयरहाउस से मूंग गायब होने के मामले को गंभीर बताते हुए इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की.

# पांडाझिर में गूंजी श्रीमद्भागवत कथा

**बेगमगंज.** ग्राम पांडाझिर में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ. श्रद्धालुओं की सहभागिता और धार्मिक उत्साह के बीच निकाली गई कलश यात्रा ने पूरे गांव को भक्तिमय वातावरण में रंग दिया. कथा का आयोजन 9 जून से 15 जून तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6:30 बजे तक किया जाएगा.कथा व्यास पंडित कमलेश कृष्ण शास्त्री महाराज ने प्रथम दिवस के प्रवचन में जीवन, धर्म और अध्यात्म के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डाला. इस संसार में कुछ भी स्थायी नहीं है और परिवर्तन ही प्रकृति का शाश्वत नियम है.

# जनसुनवाई में सुनी गईं 122 समस्याएं

▸ कलेक्टर ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

**रायसेन, 09 जून. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा आमजन की समस्याओं की सुनवाई कर उनका निराकरण किया गया.**

कलेक्टर विश्वकर्मा ने जनसुनवाई में आए आवेदकों से उनकी समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक चर्चा करते हुए निराकरण किया. कुछ प्रकरणों में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को



शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर विश्वकर्मा ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक शीघ्रता से निराकरण किया जाए। आमजन को अपनी समस्या के समाधान हेतु परेशान ना होना पड़े। जनसुनवाई में लगभग 122 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में पीएम स्वनिधि योजना अभियान 30तक

**रायसेन.** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश ने देश में एक गौरवशाली और ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित की है. अब तक 10 लाख पथ विक्रेताओं को सफलतापूर्वक लाभान्वित कर उनके स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त किया जा चुका है. इस योजना की पहुँच को अंतिम छोर तक और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में विशेष अभियान संचालित किया जा रह है, जो 30 जून तक चलेगा. जिला स्तर होंगे स्वनिधि महोत्सव अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालयों पर आयोजित होगा.

# उवेश बने जमीयत के प्रदेश मीडिया प्रभारी

**बम्होरी, 09 जून. रायसेन जिले के बम्होरी कस्बे में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से उवेश रिपोर्टर को संगठन का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया.**

दिल्ली से पधारे जमीयत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय महासचिव मौलाना मुफ्ती मासूम साकिब साहब ने उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान कर नई जिम्मेदारी सौंपी। कार्यक्रम में मौजूद उलेमा, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं संगठन के पदाधिकारियों ने उवेश रिपोर्टर को बधाई देते हुए उनके



उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की. वक्ताओं ने कहा कि मीडिया के क्षेत्र में उनके अनुभव का लाभ संगठन को मिलेगा तथा संगठन की गतिविधियों और सामाजिक संदेशों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी. नियुक्ति के बाद उवेश रिपोर्टर ने जमीयत उलमा-ए-हिंद के वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से मौलाना मुफ्ती अहमद खान, मौलाना हामिद खान कासमी तथा संगठन के सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे. उन्होंने कहा कि संगठन के उद्देश्यों, सामाजिक सरोकारों और जनहित के कार्यों को मीडिया के माध्यम से व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा.

# सुख-समृद्धि हेतु तुलसी शालिग्राम की आराधना

▸ रुषोत्तम मास में महिलाओं ने किया पूजन

**बेगमगंज, 09 जून. नगर के खिरिया नारायण दास सहित आसपास के क्षेत्रों की लगभग चार दर्जन महिलाएं पुरुषोत्तम मास के अवसर पर प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति के लिए प्रार्थना कर रही हैं.**

यह पवित्र मास 17 मई से 15 जून 2026 तक मनाया जा रहा है। पंडित उमा दुबे के नेतृत्व में



महिलाएं प्रतिदिन प्रातः 4 बजे विभिन्न नदी घाटों पर पहुंचकर स्नान करती हैं। इसके पश्चात तुलसी पूजन, शालिग्राम भगवान की पूजा-अर्चना तथा भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है। पूजा के बाद महिलाएं सामूहिक रूप से दाल-बाटी बनाकर प्रसादी ग्रहण करती हैं।

मंगलवार को पलक माटी स्थित मां कर्मा देवी के स्थान पर महिलाओं ने विशेष पूजा-अर्चना की। इस दौरान तुलसी एवं शालिग्राम का पूजन कर परिवार, समाज और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। तुलसी को देवी लक्ष्मी तथा शालिग्राम को भगवान विष्णु का स्वरूप माना जाता है। शास्त्रों में दोनों की संयुक्त पूजा को अत्यंत फलदायी बताया गया है। पद्म पुराण एवं अन्य धार्मिक ग्रंथों के अनुसार पुरुषोत्तम मास में तुलसी पूजन, सेवा, जप, ध्यान एवं दान-पुण्य करने से सामान्य दिनों की अपेक्षा कई गुना अधिक पुण्य फल प्राप्त होता है। इस पवित्र मास में ओम नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप, सामूहिक प्रार्थना, सत्संग और धार्मिक अनुष्ठान आत्मिक शांति एवं आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम हैं.

विचार-विमर्श ▸ संगठन की कार्यप्रणाली और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दीं

# भाजपा मंडल बैठक में संगठन पर मंथन

**देवरी, 09 जून. देवरी नगर परिषद के सभागार में आयोजित भारतीय जनता पार्टी मंडल देवरी की मासिक बैठक में संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों को लेकर व्यापक मंथन किया गया। बैठक में मंडल के नवनियुक्त प्रभारी संजय मस्ताना मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए.**

उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति, संगठन की कार्यप्रणाली और केंद्र तथा राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी. संजय मस्ताना ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं



में निहित होती है. उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, सदस्यता अभियान, जनसंपर्क गतिविधियों तथा बूथ सशक्तिकरण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है. संगठन की आगामी कार्ययोजना, बूथ प्रबंधन, जनसंपर्क अभियान और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों की जिम्मेदारियां भी सौंपी गई.

> मंडल अध्यक्ष सुनील लोधी ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से समन्वय और सक्रियता के साथ कार्य करने का आग्रह किया. नगर परिषद अध्यक्ष रविंद्र रघुवंशी, मंडल के दोनों महामंत्री, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, पार्षद एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे. बैठक का समापन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी अभियानों को सफल बनाने के संकल्प के साथ हुआ.

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, 6 घंटे पड़ा रहा शव

6 घंटे तक शव के ऊपर से गुजरी कई ट्रेनें

6 घंटे बाद पहुंची जीआरपी पुलिसं

**सलामतपुर, 09 जून. सांची जनपद के दीवानगंज रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 38 वर्षीय व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई. मृतक की पहचान रायसेन जिले के सेमरा टपरिया निवासी पर्वत लोधी पिता प्यारे लाल लोधी ( 38 वर्ष ) के रूप में हुई है.**

जानकारी के अनुसार पर्वत लोधी अपने घर जाने के लिए रेलवे पटरी पार कर रहा था. इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ



गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मंगलवार सुबह करीब 6 बजे ग्रामीणों को घटना की जानकारी लगी, जिसके बाद तत्काल जीआरपी पुलिस को सूचना दी गई. ग्रामीणों कि सूचना देने के बावजूद जीआरपी पुलिस लगभग छह घंटे बाद सुबह करीब 11 बजे मौके पर पहुंची. इस दौरान शव रेलवे ट्रैक पर ही पड़ा रहा और कई ट्रेनें उसके ऊपर से गुजरती रहीं. घटना को लेकर क्षेत्र के लोगों में नाराजगी देखी गई और उन्होंने इसे मानवता को शर्मसार करने वाली स्थिति बताया. स्थानीय लोगों का कहना है कि दीवानगंज और सलामतपुर रेलवे स्टेशनों पर जीआरपी पुलिस के जवानों की स्थायी तैनाती नहीं है, जिसके कारण ऐसी घटनाओं में कार्रवाई और राहत कार्य में देरी होती है. जीआरपी पुलिस को भोपाल से मौके पर आना पड़ता है, जिससे समय अधिक लग जाता है. सलामतपुर और दीवानगंज स्टेशन पर रेलवे पुलिस के आरपीएफ या जीआरपी के जवान मौजूद नही रहते हैं. जबकि यह स्टेशन दिल्ली मुंबई मेन रेलवे ट्रेक के बीच में पड़ने वाला स्टेशन है.यहां पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं. जब कभी कोई ट्रेन से कट जाए या आत्महत्या कर ले. उस समय भी रेलवे पुलिस भोपाल या विदिशा से मोके पर आती है. जिसमें काफी समय लग जाता है. और इतने समय तक शव रेलवे लाइनों पर ही पड़ा रहता है. वहीं आसपास बस्तियों के ग्रामीण भी अपनी जान जोखिम में डालकर ट्रेन के नीचे से निकलते हैं. इतना सब होने के बाद भी रेलवे विभाग का रवैया गैरज़िम्मेदाराना बना हुआ है.